SUNRISE GREENS RESIDENTS WELFARE ASSOCIATION (SGRWA)
12-A, Ahinsa Khand, Indirapuram, Ghaziabad-201014, U.P. (Regd No: 379/2013-14)

दि० : 08/01/2015

सेवा में श्रीमान,
आदरणीय निदेशक महोदय,
जयपुरिया इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड.

विषय: जयपुरिया सनराइज ग्रीन्स "१२-अ अहिंसा खंड" इंदिरापुरम की सीपेज रिपेयर, अधूरी पेंटिंग एवं मेंटेनेंस के सन्दर्भ में |

महोदय,
जैसा की हमने अपने विभिन्न पत्रों के माध्यम से अपनी रेजिडेंशियल बिल्डिंग "जयपुरिया सनराइज ग्रीन्स, १२-अ अहिंसा खंड, इंदिरापुरम" में आपके द्वारा अधूरी पेंटिंग एवं खस्ता मेंटेनेंस, बदहाल प्लंबिंग के चलते, बिल्डिंग में सीपेज की समस्या, दिन प्रतिदिन क्षतिग्रस्त होता बिल्डिंग का बाहरी ढांचा और बिगडती हालत से अवगत कराकर, कई बार पूर्व में आपसे सीपेज रिपेयर एवं पेंटिंग का काम पूर्ण करवाने के लिए आग्रह किया है |

महोदय, इतने साल बीत जाने के उपरान्त भी अभी तक आपकी ओर से इस सन्दर्भ में कोई भी कार्यवाही न होने के कारण यंहा के निवासी और एसोसिएशन अपने घरो की दुर्दशा को देखते हुए इसके रख-रखाव और बचाव के लिए खुद से इसकी सीपेज रिपेयर और प्लास्टेरिंग / पेंटिंग का काम कराने को मजबूर है जिस से जर्जर होती इस इमारत को सुरक्षित बनाया जा सके| जिसका प्रोजेक्ट एस्टीमेट एक आर्किटेक्ट द्वारा निकलवाकर जो की रु. ३.९० करोड़ (तीन करोड़ ९० लाख) आया है, हम समस्त निवासी इस कार्य को स्वं खर्च वहन करके करा रहे है|

आपसे अनुरोध है कि बिल्डिंग मेंटेनेंस, सीपेज / प्लास्टर रिपेयर एवं पेंटिंग में होने वाले हमारे इस खर्च को वहन करने के लिए हमें यह भुगतान जल्दी करने का कष्ट करें ताकि बिल्डिंग की सुरक्षा के लिए रेसिडेंट्स द्वारा लिया गया यह कदम जल्द से जल्द पूरा कराया जा सकें|

समस्त निवासी आपसे उचित सहयोग के अभिलाषी है|
आपका सादर धन्यवाद|

सनराइज ग्रीन्स रेसिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से,
श्रीपाल सिंह (महासचिव)

INDIRAPURAM
GHAZIABAD

प्रति :
१. माननीय उपाध्यक्ष महोदय, गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण, गाज़ियाबाद.
२. माननीय जिलाधिकारी महोदय, गाज़ियाबाद.
३. थानाध्यक्ष महोदय, थाना इंदिरापुरम को सूचनार्थ !

जन सम्पर्क कार्यालय
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
पत्र प्राप्ति
8-1-015

Scanned by CamScanner